तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 बेटियों व किसानों की प्रगति ही प्रदेश की असली ...

13 दुर्ग संभाग के स्कूलों में निरीक्षण की अब ग्रेडिंग...


## खबर संक्षेप

### ईद-मिलादुन्नबी पर आज निकलेगी जूलेसे मोहम्मदीया



**थान खम्हरिया।** हजरत मोहम्मद साहब के 1500 वें जन्मदिवस को नगर के मुस्लिम समुदाय द्वारा जश्ने-ईदमिलादुन्नबी के रूप मे बडी ही धूमधाम व अकीदत के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है, सुन्नी हन्फी जामा मस्जिद को आकर्षक विद्युत लाईटो, बंदनवार तथा शामयानो से सुसज्जित किया गया है। वहीं पूरे मोहल्ले तथा घरों को भी ईस्लामी पताका, तोरनो व विद्युत झालरो से आकर्षक रूप से सजा दिया गया है। इस मौके पर आज 5 सितंबर को बाद नमाज जुमा दोपहर 2 बजे जूलूसे मोहम्मदीया का आयोजन किया गया है जो नूरानी चौक से निकलकर जय स्तंभ चौक, भारतमाता चौक, गौरव पथ से पुनः जय स्तंभ चौक होते मुख्य मार्ग से त्रिमूर्ति चौक, शीतला चौक व ब्राह्मण मोहल्ले से वापस आकर नूरानी चौक मे जूलूस संपन्न होगी। जहां ईस्लामी ध्वजारोहण कर सलाम पेश किया जायगा। जूलूस के दौरान रास्ते भर केवल नबी की शान मे स्तुति गान ही चलेगी पटाखा व डीजे पूर्ण रूपेण प्रतिबंध रहेगी। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जगह जगह आम लंगर का आयोजन भी किया गया है, नगर में निकाले जाने वाली जूलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, बूढे व जवान शामिल होकर अपने आका व मौला को अकीदत और मोहब्बत का नजराना पेश करेंगे।

### हाई टेंशन तार से करंट लगने से युवक की मौत

**नवागढ़/बेमेतरा।** गुरुवार शाम करीब 04 बजे ग्राम कौंरा कांपा में एक मर्मांतक हादसे ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। जैतपुरी निवासी दिलहरण वर्मा (35), जो मामूली बिजली का काम किया करता था, अपने रोजमर्रा के काम के सिलसिले में ग्राम के एक घर की छत पर 11 केवी हाई टेंशन तार को हटाने का प्रयास कर रहा था। घटना के दौरान अचानक करंट लगने से दिलहरण का दाहिना हाथ तार से चिपक गया। तत्काल मौके पर मौजूद घर के मालिक ने डंडे से मारकर हाथ अलग करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। गांव में हादसे की खबर फैलते ही लोग घटना स्थल पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और यह घटना सुरक्षा नियमों की अनदेखी और सावधानी की आवश्यकता का गंभीर संदेश भी दे गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा असावधानी के कारण हुआ है। पुलिस आगे की जांच में यह पता लगाएगी कि हादसे के पीछे शेष पेज 13 पर

# सेवानिवृत्त शिक्षकों व प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिलेगा उपमुख्यमंत्री साव के हाथों सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

44 वर्षों गैरराजनैतिक तौर पर सेवानिवृत्त शिक्षकौ व प्रतिभावान विद्यार्थीयों के सम्मान किए जाने की परम्परा जिला मुख्यालय आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी जिले मे 6 सितम्बर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया जा रहा है । समिति के संरक्षक एवं स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 सितंबर शनिवार 44 वें शिक्षक सम्मान समारोह के माध्यम से बेमेतरा जिले के चारों विकासखण्ड बेमेतरा, बेरला, साजा एवं नवागढ़ के शासकीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों को कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। ज्ञात हो की वर्तमान मे 150 स्कूल शिक्षक एवं 88 प्रतिभावान बच्चे शामिल होंगे। जिसमे छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल पाठ्यक्रम से कक्षा 10वीं में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त बालक एवं बालिका तथा कक्षा 12वीं में कला, वाणिज्य, विज्ञान, गणित एवं कृषि, प्रत्येक संकाय में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त बालक एवं बालिका को समिति सदस्य एवं पदक प्रदाताओं के द्वारा प्रदत्त स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। इस सम्मान समारोह के माध्यम से महाविद्यालयीन प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाता है साथ ही महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों का भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित किया जायेगा ।यह आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में दोपहर 12 बजे से होगा।

## 44वां शिक्षक सम्मान समारोह में



### कई मंत्रियों की रहेगी उपस्थिति

शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे वहीं अध्यक्षता शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव करेंगे, अति विशिष्ट अतिथि में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री दयाल दास बघेल एवं प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर विश्वेश्वर ठाकरे रहेंगे । तैयारियों की समीक्षा करने विधायक दीपेश साहू ने शिक्षक सम्मान समिति एवं अधिकारियों की विश्राम गृह में बैठक ली जहां पर कार्यक्रम की रूपरेखा को साझा किए। बैठक के पश्चात विधायक दीपेश साहू अधिकारियों व सदस्यों के संग कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। बैठक एवं कार्यक्रम स्थल पर समिति सदस्य अविनाश तिवारी,रमन काबरा, प्रनिस चौबे, दिनेश साहू ,अवधेश पटेल, सुजीत शर्मा, अमीन पप्पू रवानी, एस डी एम प्रकाश भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, निलय पांडेय सहित अन्य सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

## मांग

### मितानिनों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरा आक्रोश

# मितानिनों ने चार घंटे तक किया चक्काजाम कंडरका पुल पर वाहनों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला/भिंभौरी

प्रदेशभर में मितानिन संगठन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। मितानिनों ने सरकार पर चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को अब तक पूरा न करने का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतरकर विरोध जताया। दरअसल, प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान 'मोदी की गारंटी' नामक घोषणा पत्र में मितानिन कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ताओं के हित में कई घोषणाएं की थीं।

इसमें मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में संविलियन करने का वादा किया गया था। इसके साथ ही इनका मानदेय 50 प्रतिशत तक बढ़ाने, ठेका प्रथा समाप्त करने और एनजीओ के अधीन कार्य न कराने का आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन सरकार के इस वादे को




लागू नहीं किए जाने से मितानिनों में नाराजगी बढ़ गई है। इसी को लेकर उन्होंने तीन सूत्रीय मांगों के आधार पर आंदोलन शुरू कर दिया है।

**धरना की अनुमति, फिर भी रास्तों पर रोक :** इस आंदोलन को लेकर रायपुर जिला प्रशासन से 2 सितंबर को ही अनुमति मिल चुकी थी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने 4 सितंबर को तुता ग्राम धरना स्थल पर प्रदर्शन की मंजूरी दी थी। इसके बावजूद गुरुवार सुबह से ही बेमेतरा जिले के लिमाही चौक, बेरला, कंडरका चौक समेत कई स्थानों पर मितानिनों के वाहनों को पुलिस ने रोकना शुरू कर दिया। करीब दो हजार मितानिन कार्यकर्ता रायपुर सीएम निवास से लेकर तुता धरना स्थल तक अपनी यात्रा पूरी करने की तैयारी में थे। सुबह 10 बजे वे खारून नदी पर बने कंडरका पठारीडीह घाट पुल तक पहुंच गए। यहीं पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक लिया।

### चक्काजाम से थमा यातायात

पुल पर रोके जाने के बाद हजारों मितानिन कार्यकर्ता वहीं बैठ गए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते उन्होंने रायपुर-बेमेतरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। यह चक्काजाम सुबह से लेकर शाम 4 बजे तक जारी रहा। इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया और आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यात्रियों को घंटों तक वाहनों में फंसे रहना पड़ा। मजदूरी करने वाले और जरूरी काम पर जाने वाले लोग समय पर नहीं पहुंच पाए। राहगीरों को कई किलोमीटर तक खड़े रहना पड़ा, जिससे आक्रोश और बढ़ गया।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

आश्चर्यजनक यह रहा कि हजारों मितानिनों के चक्काजाम और दिनभर की नारेबाजी के बावजूद कोई भी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी स्थिति संभालने के लिए नहीं आए। इससे ग्रामीणों और मितानिनों दोनों में सवाल उठने लगे कि आखिर सरकार शेष पेज 13 पर

## बर्खास्तगी नोटिस से नाराज एनएचएम कर्मचारियों ने सीएमएचओ को सौंपा सामूहिक इस्तीफा



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। बेमेतरा जिले में लगभग 400 कर्मचारियों ने रैली निकालकर सीएमएचओ को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया। वहीं प्रदेशभर से सभी जिलों में करीब 16,000 कर्मचारियों ने बर्खास्तगी नोटिस का विरोध करते हुए अपना सामूहिक इस्तीफा सौंपा है। ज्ञात हो कि कर्मचारी 18 अगस्त से नियमितीकरण, ग्रेड-पे और लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित 10 मांगो को लेकर हड़ताल पर है। कर्मचारियों का आरोप है कि शासन उनकी जायज़ मांगों को पूरा करने के बजाय लगातार बर्खास्तगी की कार्रवाई कर रहा है।

- प्रदेशभर में 16,000 एनएचएम कर्मचारियों ने बर्खास्तगी नोटिस का विरोध करते हुए इस्तीफा सौंपा

पिछले दिनों कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन का घेराव भी किया था। आंदोलन को और मुखर करने के लिए कर्मचारियों ने पीपीई किट पहनकर शेष पेज 13 पर

# खम्हरिया में नगर शांति समिति की बैठक पर्व शांति और सौहार्द्र से मनाने का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▸▸ थान खम्हरिया

गुरुवार को थाने परिसर में नगर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार और गणेश विसर्जन शनिवार-रविवार को लेकर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।


बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी कौशल्या सिंह, तहसीलदार मोरध्वज साहू, साजा थाना प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय, खण्डसरा चौकी प्रभारी राकेश साहू, विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, पत्रकार, जनप्रतिनिधि और नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सर्वसम्मति से तय किया गया कि ईद मिलादुन्नबी और गणेश विसर्जन का पर्व कानून के दायरे में रहकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिलाया।

**नवजात शिशु प्रकरण पर गहन चर्चा:** बैठक में 24 अगस्त को नगर में घटी नवजात शिशु प्रकरण पर भी सार्थक चर्चा हुई। उपस्थित नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग रखी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता चंदन अग्रवाल ने घोषणा की कि आरोपी का सुराग बताने वाले को 2 लाख रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

### पुलिस का आश्वासन

एएसपी ज्योति सिंह ने नागरिकों से सहयोग की अपील की और थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे ने अब तक की जांच की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने क्राइम ब्रांच, आईटी सेल, फॉरेंसिक जांच और डॉग स्क्वॉड की मदद से कई अहम सुराग जुटाए हैं और जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

**नागरिकों की अपील:** पुलिस अधिकारियों ने सभी से ईद मिलादुन्नबी और गणेश विसर्जन शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने भी प्रशासन का आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से राजेश ठाकुर, करण सिंह, सतीश जोशी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शरद कुंभकार, पार्षद मनीष सेन, गोविंद शर्मा, हरीश निर्मलकर, विनोद यादव, नरेश पाटिल, टीकम अग्रवाल, बीरेन्द्र सिन्हा, सूरज पाल, शरीफ खान, शाहीद खान, घनश्याम सिंह, रोहित भारती, घसिया निषाद, रोशन सिन्हा, विजय शर्मा, पिंटू शर्मा, मुकेश सिंघानिया तथा सुनिल टंडन शामिल हुए।




## जिले में आर्द्रभूमि सीमांकन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

# समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रातः 10 बजे से जिला स्तरीय आर्द्रभूमि सीमा निर्धारण (आर्द्रभूमि सीमांकन) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम बेरला दीप्ती वर्मा, एसडीएम साजा पिंकी मनहर, वनपाल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित समस्त हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, वन रक्षक और उपवन क्षेत्रपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान परिपालन में जिला स्तरीय आर्द्रभूमि संरक्षण समिति का गठन किया



गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि आर्द्रभूमि एटलस 2021 के अनुसार राज्य में 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाली कुल 11,264 आर्द्रभूमियां चिन्हित की गई हैं। इनमें कुछ जिलों में संख्या अपेक्षाकृत कम है जैसे नारायणपुर (18), दंतेवाड़ा (51) और पेंड्रा-गौरेला-मरवाही (77), वहीं बिलासपुर (840) और रायपुर (944) जैसे जिलों में यह संख्या अत्यधिक है। आर्द्रभूमि सीमांकन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण से प्राप्त नक्शा और आंकड़ों के आधार पर जिला कलेक्टर द्वारा स्थल स्तरीय इकाई का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह इकाई आर्द्रभूमि की सीमा निर्धारण, जीपीएस सर्वेक्षण, मौका सत्यापन रिपोर्ट तैयार करने और सीमांकन नक्शा बनवाने का कार्य करेगी। सत्यापन उपरांत तैयार रिपोर्ट और नक्शे को जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन कर राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण को भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा परीक्षण और अनुमोदन उपरांत दस्तावेज पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

### पारदर्शिता के साथ करें कार्य

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में शेष पेज 13 पर

# धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर की दीवार गिरी, चारों तरफ फैल रहा कचरा

## कांग्रेसी पार्षदों ने पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेसी पार्षद दल ने पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कलेक्टर को अवगत करया कि हर गली-मोहल्ले में नागरिक परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और नगर निगम प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने दिए ज्ञापन में कहा कि अगस्त माह का राशन अब तक एपीएल कार्डधारियों को उपलब्ध नहीं हो सका है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार खाद्यान्न के लिए दर-दर भटक रहे हैं। खाद्य विभाग की लापरवाही के कारण जनता के सामने रोज़मर्रा की समस्या खड़ी हो गई है। इसके साथ ही खाद्य की समस्या को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने जिला खाद्य अधिकारी से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और तत्काल समाधान की मांग की। इसी प्रकार, निगम क्षेत्र में 1500 से अधिक नियमितीकरण के प्रकरण महीनों से लंबित पड़े हैं। कर्मचारियों और आम नागरिकों दोनों को इसका खामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से माँग की कि इन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। नगर की सड़कों और मोहल्लों में आवारा पशु और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोग हमलों का शिकार हो रहे हैं और बच्चे, बुजुर्ग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। निगम प्रशासन बार-बार शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई करने में असफल रहा है।



### सफाई की लचर व्यवस्था को लेकर की शिकायत

इसके साथ ही धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर की दीवार गिर चुकी है, जिससे चारों ओर कचरा फैल गया है और वहाँ रहने वालों के लिए नारकीय स्थिति निर्मित हो गई है। दुर्ग जैसे बड़े शहर में ऐसी तस्वीर निगम प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है। विद्युत व्यवस्था की बदहाली भी जनता के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। छह माह बाद निगम के पास नई स्ट्रीट लाइटें आईं, लेकिन उनका वितरण नहीं किया गया। पूरे शहर में दर्जनों लाइटें खराब पड़ी हैं, अंधेरे में नागरिक असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। इस अवसर पर प्रेमलता साहू, पार्षद दीपक साहू, फतेह सिंह भाटिया, ज्ञानदास बंजारे, सतीश देवांगन, भोला महोबिया, भास्कर कुंडले, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, आनंद कपूर ताम्रकार, बिजेंद्र भारद्वाज, माहेश्वरी ठाकुर, अंश चतुर्वेदी, छव्या साहू, आयुष भार्गव, यासिफ़ ख़ान, अनमोल चौबे उपस्थित थे।

---

## खबर संक्षेप

### महाराजा चौक से बोरसी फोरलेन मंत्री यादव की उपलब्धिः नातू

**दुर्ग।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू ने दुर्ग शहर के लोकप्रिय विधायक व प्रदेश के स्कूल व शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव व्दारा महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन निर्माण के लिए 23.96 करोड़ की स्वीकृति को शहर के विकास की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए आभार व्यक्त किया है।

श्री नातू ने कहा कि महाराजा चौक से बोरसी तक 1.80 किमी तक सड़क चौड़ीकरण के साथ साथ जलनिकासी व्यवस्था स्ट्रीट लाईट व डिवाइडर भी बनाया जायेगा। इस सड़क के निर्माण की जरुरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। पूर्व कांग्रेस सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की।

विधायक व मंत्री यादव ने इस जरूरत को सबसे पहले महसूस किया है। और स्वीकृति दिलाकर शहर को एक ऐतिहासिक सौगात दे दी है। नातू ने आगे कहा कि वाहनों की बढ़ती संख्या की वजह से ट्रेफिक से बचने के लिए लोग उतई पाटन क्षेत्र के लिए इस सड़क का उपयोग करते है। शहर की एक तिहाई आबादी भी इस मार्ग से आवागमन करती है। सड़क के चौड़ीकरण व फोरलेन के बाद अब नागरिकों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होगी। नातू ने आगे कहा कि विधायक व मंत्री श्री यादव शहर की एक-एक महत्वपूर्ण समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। एक सुलझे हुए जनप्रतिनिधि के रुप में एक-एक समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।

---

### मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत जारी की गई स्वीकृति, खाद बनाने की प्रक्रिया होगी बेहतर

# 16.97 करोड़ से कचरा प्रोसेसिंग के लिए लगेगा इंटीग्रेटेड प्लांट, होगी रिसाइकिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर की लचर सफाई व्यवस्था के बीच शासन ने स्वच्छ भारत मिशन-2.0 के अंतर्गत 16.97 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि का उपयोग 2016 में बने एसएलआरए सेंटरों को और अधिक बेहतर बनाने में खर्च किया जाएगा। गीला-सूखा कचरा से खाद बनाने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। शहर में इस समय 10 से ज्यादा एसएलआरएम सेंटर संचालित हैं, सभी में कचरे से खाद बनाने के नाम पर खानापूर्ति हो रही है।

यहां कचरा अघोषित रूप से एसएलआरएम सेंटरों में डंप किया जा रहा है। बाद में इसे शहर के आउटर में अन्यत्र फेंक दिया जा रहा है। बता दें कि शासन स्तर पर 16.97 करोड़ रुपए की स्वीकृति 2026 तक शहर के कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जारी की है। इस राशि से एसएलआरएम सेंटरों का मेंटेनेंस किया जाना है। बेलिंग मशीन से लेकर अन्य उपकरण खरीदे जाने हैं। उरला में नया इंटीग्रेटेड प्लांट बनेगा, जहां कचरा रिसाइकिल किया जाएगा। राज्य तकनीकी कमेटी की स्वीकृति जारी कर दी है। अब इसे लेकर निविदा की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बता दें कि इसे लेकर सामान्य सभा और महापौर परिषद से अनुमति आवश्यक की गई है। सूखे और गीले कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए नए सेंटर बनेंगे। प्रोसेसिंग प्लांट बनेंगे। पुराने संयंत्रों का उन्नयन एवं विकास किया जाएगा।

**एसएलआर सेंटरों का होगा रिनोवेशन**



### 10 से ज्यादा एसएलआरएम सेंटर, धमधानाका बना अघोषित डंप यार्ड

शहर में इन दिनों कचरा उठाने और उसके एसएलआरएम सेंटरों में प्रोसेसिंग को लेकर बड़ा खेल चल रहा है। वार्डों से कचरा तो डोर-टू-डोर कलेक्ट किया जा रहा है, लेकिन यह कचरा प्रोसेस होने के बजाए गुपचुप तरीके से शहर के अलग-अलग हिस्सों में लैंड फिलिंग के नाम पर डंप किया जा रहा है। हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद यह पूरा खेल चल रहा है। धमधा नाका सेंटर में सैकड़ों टन कचरा हर दिन डंप किया जा रहा है। वर्तमान में आईएचएसडीपी आवास उरला, सिकोलाबस्ती, धमधानाका, कातुलबोड़, रायपुर नाका, चौपाटी, बोरसी हाट बाजार, बोरसी बस्ती, पुलगांव, मरच्यूरी सेंटर के पास एसएलआरएम सेंटर चल रहे हैं। इनका रिनोवेशन करने के लिए फंड जारी किया गया है।

### स्वीकृत कामों की होगी मानिटरिंग, भेजनी होगी रिपोर्ट

जारी आदेश के अनुसार परियोजना को लागू करने की जिम्मेदारी नगर पालिक निगम दुर्ग को दी गई है। निगम को तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ करना होगा। इसके अलावा परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रतिमाह स्टेट नोडल एजेंसी सूडा को भेजनी होगी। निर्माण केवल सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित डीपीआर, नक्शे और ले-आउट के अनुसार ही होगा। कार्य केवल नगर निगम की स्वामित्व वाली अथवा प्रावधिक आवंटन प्राप्त भूमि पर ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

### आगामी दिनों में क्लस्टर बनाकर सेमरिया में प्लांट डालने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक आगामी दिनों में भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, दुर्ग, कुम्हारी, उतई, जामुल निकायों का क्लस्टर बनाकर सेमरिया में 400 टन कचरा निष्पादन का प्लांट लगाने की तैयारी है। वर्तमान में इंदौर और रायपुर में इस प्रकार का प्लांट संचालित है। इसके लिए गीला सूखा से सीएनजी सहित बायोगैस तैयार किया जाएगा। वर्तमान सूख कचरे को रिसाइकिल कर उपयोग के लायक बनाया जाएगा। बचा हुआ प्लास्टिक कचरा सीमेंट फैक्ट्रियों को दिया जाएगा, जिससे सीमेंट में मिलाया जाएगा। इस कार्ययोजना पर तेजी से काम चल रहा है। आगामी सालभर के अंदर इस योजना का क्रियान्वयन किया जाना है।

### 3.16 करोड़ रुपए की लागत से सिकोलाभाठा नाले का होगा रिनोवेशन

स्वच्छता और अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में राज्य शासन ने सिकोला नाला निर्माण के लिए 3.16 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की है। इससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी। बारिश के दिनों में इस नाले के आसपास भरने वाला पानी नहीं भरेगा। राज्य शासन ने इस स्वीकृति के साथ कई शर्तें भी जोड़ी हैं, ताकि निर्माण कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा हो निर्माण कार्य तकनीकी स्वीकृति और आबंटन सीमा के अनुरूप ही किया जाएगा। प्राक्कलन में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। पटरीपार सिकोला बस्ती नाला परियोजना के क्रियान्वयन से शहर के संवेदनशील जलभराव

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से मिली राशि

“ शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यह राशि उपलब्ध कराई गई है। इस राशि से उरला में एक नया इंटीग्रेटेड प्लांट तैयार किया जाएगा। शहर के सभी एसएलआरएम सेंटरों का मेंटेनेंस किया जाएगा। भविष्य में सामूहिक रूप से सफाई व्यवस्था को लेकर भी प्लान बन रहा है। इस पर चर्चा जारी है।

**सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

---

# राजनीति नेतृत्व गुणों का करती है विकास, समाधान की बढ़ती है क्षमता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ साइंस कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान परिषद का गठन अतिथियों ने रखे विचार

साइंस कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद गठन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा ने किया। उन्होंने परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कहा कि परिषद एक ऐसा मंच है, जहां विद्यार्थी स्वयं को बेहतर बनाने के साथ-साथ नेतृत्व गुणों का विकास करते हैं।

परिषद के पदाधिकारी न केवल अपनी बल्कि अपने साथियों की समस्याओं को भी सुनते हैं। उनके समाधान का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अमृतेश शुक्ला ने परिषद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर समझने का अवसर प्रदान करती है। वोटिंग प्रक्रिया, जागरूकता तथा पदाधिकारियों की जवाबदेहिता को विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर पाते हैं। साथ ही इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके खान ने परिषद के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष तरुण साहू ने कहा कि यह राजनीतिक समाजीकरण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो विद्यार्थियों को नैतिक कौशल, व्यवहारिक ज्ञान और नवाचार का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, पार्वती सोनी, दिग्विजय यादव, प्रीति महिलांगे, निमिष देवांगन, हरीश कुमार साहू, प्रमोद देवांगन, डॉ. के पद्मावती सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## बिहार चुनाव में स्थानीय कांग्रेस नेता कर रहे कूच, जारी है जोरआजमाइश



**दुर्ग।** बिहार में आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर स्थानीय कांग्रेस और भाजपा नेता बिहार कूच कर रहे हैं। शहर विधायक देवेंद्र यादव से लेकर अन्य नेतागण पिछले कुछ दिनों से बिहार में जमे हुए हैं। भाजपा नेता भी बिहार चुनाव में सक्रिय है। बता दें कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में रैली निकाली। 17 अगस्त से सासाराम बिहार से शुरू 1 सितंबर पटना में सम्पन्न हुआ वोटर अधिकार यात्रा में शामिल रहे। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अय्यूब खान ने बताया कि वोटर अधिकार यात्रा का उद्देश्य चुनाव आयोग द्वारा जिसमें बिहार के 65 लाख अशिक्षित, गरीब मतदाताओं का वोट इस आई आर प्रक्रिया द्वारा नाम काटना सहित बिहार के बुनियादी समस्या बेरोजगारी, पलायन, अशिक्षा, स्वास्थ और जंगल राज को लेकर बड़ी यात्रा निकाली गई। लगभग 1300 किलोमीटर की यह यात्रा 15 दिन चली। राहुल गांधी ने सैकड़ों मतदाताओं से मुलाकात की। उनके साथ समय बिताया। बिहार कि गुंडागर्दी और जंगल राज चरम पर है। वोटर अधिकार यात्रा में दुर्ग जिला काग्रेस महामंत्री एससी प्रकोष्ठ जसवंन सिंह गायकवाड, संदीप बक्शी, विनोद मोहनानी, रवि मिश्रा भी शामिल हो रहे हैं।

---

## जयमल के जन्मोत्सव पर सामायिक और एकासना तप कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में होगा आयोजन

युग प्रधान आचार्य सम्राट जयमल का 318 वां जन्म महोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में गुणानुवाद सभा सामूहिक तीन सामायिक एवं एकासना तप की तपस्या के साथ 5 सितंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के विभिन्न जैन संघ के आतिथ्य में होगा। श्रवण संघ के प्रथम आचार्य आत्माराम महाराज की जन्म जयंती भी 4 सितंबर को गुणानुवाद सभा के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर नमोथुणम की साधना की जाएगी। जयमल जन्मोत्सव में पधारे सभी अतिथियों के लिए गौतम प्रसादी की व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा एवं मंत्री राकेश संचेती ने श्रमण संघ परिवार के सभी सदस्यों से जयमल जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 11:30 बजे तक अपना व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर संघ द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है। आगामी दिनों में श्रमण संघ के आचार्य ध्यान योगी डॉ. शिवमुनि की जन्म जयंती का चार दिवसीय आयोजन 15 से 18 सितबर के मध्य किया जाएगा। इस अवसर पर आत्म ध्यान साधना शिविर लगाया जाएगा।



### पाठशाला में पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी सम्मानित

रतन पाठशाला के बच्चों की पेंटिंग स्पर्धा जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में आयोजित की गई थी, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक कलात्मक चित्र बनाकर गुरु एवं जिनशासन के प्रति अपने भाव पेंटिंग के माध्यम से व्यक्त किया। उन्हें सम्मानित किया गया। श्वेतांबर जैन समाज के बैनर तले आयंबिल तप की आराधना प्रत्येक वर्ष सभी संप्रदाय के साधु साध्वियों के सानिध्य में पिछले 75 वर्षों से यह आयोजन हो रहा है। इस बार इस तप आराधना में संत विराट सागर, साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी, साध्वी हेम प्रभा, साध्वी प्रणिता श्री का सानिध्य प्राप्त होगा।


### तप में दूध, घी, तेल, शक्कर, नमक का त्याग कर बिना रस का करते हैं भोजन

इस आयंबिल तप की आराधना में दूध धी तेल शक्कर नमक का त्याग कर बिना रस की खाद्य एवं पेय पदार्थ का सेवन एक जगह बैठकर करते हैं। इसके बाद किसी भी खाद्य एवं पेय पदार्थ का उपयोग वर्जित होता है। इस वर्ष 76 चांदी के सिक्कों का लकी ड्रा के द्वारा नाम का चयन किया जाएगा। साध्वी प्रियदर्शना, प्रियदा एवं अन्य साध्वी समुदाय के सानिध्य में आयोजन किया जाएगा।

---

## बकरी पालन के लिए 17 से 19 सितंबर के मध्य प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ बकरी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में तीन दिवसीय प्रशिक्षण

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविदयालय अंजोरा में बकरी पालक किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर बकरी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण कार्यक्रम का 12वें बैच शुरू होने जा रहा है। प्रशिक्षण 17 से 19 सितंबर के मध्य दिया जाएगा। इस दौरान बकरी पालन की संभावनायें, छत्तीसगढ की जलवायु के लिये उपयुक्त नस्ले, उनका आवास एवं सामान्य प्रबंधन, भोजन का प्रबंधन, बकरियों में आकस्मिक शल्य चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, बकरियों में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार दवारा बकरी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही वाली महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे छग शासन, एनएलएम (नेशनल लाइवस्टॉक मिशन) एवं नाबार्ड पोषित योजनाएं, आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया, छत्तीसगढ राज्य में बकरीपालन में संभावनायें के बारे में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के दवारा सारगर्भित व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण की अधिक जानकारी के लिये प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रामचंद्र रामटेके सहित आदि होंगे।

---

## सम्मान की इच्छा को रोकने का नाम ही है तप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व जारी है। बुधवार को उत्तम तप धर्म दिवस पर भक्तों ने भगवान अजीत नाथ, पारसनाथ भगवान, सुमति नाथ का शांतिधारा किया। इस अवसर पर भक्तिगीत पर नृत्य की प्रस्तुति देखने को मिली। सर्वप्रथम अष्टधातु की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। शांति धारा का सौभाग्य प्रमोद, प्रतीक, प्रियांशु नाहर, नरेंद्र, अंकुर जैन, संजय, भावना जैन, अनिल, सुधीर सहित अन्य ने प्राप्त किया।

पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष प्रशांत जैन, उपाध्यक्ष भारत जैन, सोमेश ज्ञानचंद बाकलीवाल, वरुण जैन, निशांत जैन, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र जैन ने आचार्य विद्यासागर और विशुद्ध सागर महाराज के छायाचित्र पर मंगलदीप प्रज्वलित किया। प्रदीप जैन ने बताया कि जैन भवन में भक्तों ने भक्ति भाव के साथ आनंदपूर्वक पूजन आराधना की गई।

पंडित अजय शास्त्री, अतिशय शास्त्री के साथ साधना बाकलीवाल, नीना जैन, वरुण और निशांत जैन ने नव देवता और देव शास्त्र गुरु की पूजन की। अतिशय शास्त्री ने जानकारी दी कि आचार्य समय सागर ने कहा है कि सम्मान की इच्छा को रोकने का नाम तप है। कुछ ना कुछ अपने जीवन की प्रिय वस्तु का एक दिन के लिए यथाशक्ति अनुसार त्याग करें।

---

## आईआईटी भिलाई में सीबीडीई वर्कशॉप का दो दिवसीय आयोजन

# छात्रों को खुद जॉब क्रियेटर बनना होगा : प्रो राजीव प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईआईटी भिलाई में सीबीडीई वर्क शॉप का आयोजन किया गया है। दो दिवसीय यह आयोजन भारत सरकार के मालवी मिशन के तहत किया गया है। जहां देशभर से आए विषय-विशेषज्ञों ने आईआईटी के छात्रों को इंटरप्रेन्योरशिप के बारे में बताया। उन्हें प्रेरित किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ प्रयोग भी करें और इससे आगे बढ़कर शहर, प्रदेश व उद्योगों की समस्याओं को भी जानें। इन समस्याओं को दूर करने नए आइडियाज पर काम करें। नई आडिया और प्लानिंग से की गई नई खोज से ही स्टार्टअप की नई शुरुआत होगी।

आईआईटी भिलाई के आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के तत्वावधान में यह वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जहां 120 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस वर्कशॉप में आईआईआईटीडीएम कांचीपुरम के एसोसिएट प्रोफेसर सुधीर वरधराजम शामिल हुए। सीएसई विभाग से डॉ. अमीत धर भी उपस्थित रहे।



**चलाए जा रहे मालवी मिशन के बारे में दी जानकारी**

वर्कशॉप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, एनआईटी अगरतला, एनआईटी राउलकेला,व्हीएनआईटी नागपुर से एक्सपर्ट शामिल हुए। जिन्होंने यहां छात्रों को मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के तहत चलाई जा रही इस मालवी मिशन के बारे में बताया। उन्हें प्रेरित किया कि वे अपनी पढ़ाई के बाद जॉब के बजाए खुद का स्टार्टअप शुरू करने के दिशा में आगे बढ़े और खुद को इसके लिए तैयार करें। इसके लिए प्रेजेंटेशन का आयोजन भी किया गया। जहां छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया। आईआईटी के छात्र पढ़ाई के साथ साथ अपने प्रोफेसर के साथ मिलकर कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। उसके बारे में भी जानकारी दी गई।

### देश में 10 करोड़ से ज्यादा छात्रा नौकरी सिर्फ 1 करोड़ के पास

कार्यक्रम में शामिल आईआईटी के डारेक्टर राजीव प्रकाश ने कहा कि देश में यदि 10 करोड़ छात्र है, तो जॉब मात्र 1 करोड़ हैं। तो बाकी युवाओं को जाब नहीं मिलेगा। ऐसे में छात्रों को खुद जॉब क्रियेटर बनाना होगा। खुद इंटरप्रेन्योर बनाना होगा। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ सीनियर और प्रोफेसर के साथ प्रोजेक्ट पर काम करते हुए सीखे। आसपास की जो सभी समस्याएं है। उसे समझने का प्रयास करें और उसका अपने नए आइडियाज और इनोवेशन से उसका हल खोजे। खुद का स्टार्टअप शुरू करें और खुद नौकरी करने के बजाए दूसरों को नौकरी देने वाला बने। कार्यशाला के कोआर्डिनेटर संतोष बिस्वास, आईबीआईटीएफ से विष्णु वैभव द्विवेदी, धीरज सोनी आदि शामिल रहे।

# ढौर में 16 लाख की टंकी हुई बेकार, डेढ़ सौ परिवार पानी के लिए तरसे

## सालों से टंकी निर्माण कर छोड़ा गया, मोटर नहीं लगने से हो रही है दिक्कत, पीएचई विभाग की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ग्राम पंचायत ढौर के वार्ड 22 में 16 लाख की लागत से वर्ष 2022 में पेयजल समस्या दूर करने के लिए टंगी का निर्माण किया गया था। ढ़ाई साल पहले टंकी बनकर तैयार हो गई। लेकिन व्यवस्था बेहतर नहीं होने से लोगों को आज भी पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव में जल जीवन मिशन का विस्तारीकरण के तहत एक टंकी निर्माणधीन अवधि में है। वहीं दूसरी टंकी का निर्माण हो चुका है। वार्ड नंबर 1 से वार्ड 19 तक ही पाइप लाइन का विस्तारीकारण किया गया है। लेकिन टंकी में पानी सप्लाई को लेकर लोगों ने पीएचई विभाग से जानकारी मांगी गई। लेकिन विभाग द्वारा गोल मोल जवाब देकर लौटा दिया। टंकी में पानी सप्लाई नहीं होने से पेयजल की बड़ी दिक्कत है। उक्त टंकी जिला खनिज मत के तहत निर्मण कराया गया था। जिसमें अभी तक पीएचई द्वारा पाइप लाइन विस्तारीकरण नहीं किया गया। बल्कि मोटर भी नहीं बैठाया गया है। यहां डेढ़ सौ परिवारों को पेयजल की दिक्कत लगातार आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूर्व सरंपच द्वारा कार्य पूर्ण होने का अनुमति विभाग को दिया। जबकि यहां की टंकी भ्रष्टाचार की भेट में चढ़ गई है। शिकायत में मांग की गई है कि बोर खनन कर पानी टंकी में मोटर बैठाकर पेयल की व्यवस्था को जल्द करे।

- ग्राम पंचायत ढौर में स्थित है पानी टंकी
- पाइपलाइन का विस्तारीकरण नहीं
- ढाई साल पहले हुआ था निर्माण
- वार्ड के लोगों को हो रही है दिक्कत



### शिकायत का हल नहीं हो पाया

हर घर जल के तहत ग्राम ढौर विकास खंड दुर्ग में रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजा के तहत टंकी निर्माण किया गया। इसका मेसर्स शंकरा इंटरप्राइजेस कवर्धा द्वारा किया गया है। इसमें एफएचटीसी 613 पाईप लाइन 9338 मीटर का कार्य किया गया है। पीएचई द्वारा खनिज संस्था न्यास पेयजल कार्यक्रम के सहयोग से नल जल प्रदाय योजना के तहत काम किया गया है। इसकी शिकायत को लेकर ग्राम ढौर निवासी अशोक मंडारे सुशासन तिहार 2025 में शिकायत के बाद भी वार्ड के लोगों की पेयजल समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है।

### जल्द व्यवस्था अपडेट होगी

"सिर्फ टंकी निर्माण किया गया है। मोटर का प्रावधान नहीं था। निर्माण के बाद पेयजल का सभफी प्रकार का टेस्टिंग किया गया। वाटर लेबल नीचे जाने से दिक्कत हो रही है। जेवरा सिरसा में इसके लिए काम कराया जा रहा है। 6 माह के भीतर व्यवस्था अपडेट हो जाएगी।


विशाल गेड़ाम,
उप अभियंता पीएचई दुर्ग

## खबर संक्षेप

### कैंप क्षेत्र में खाली जमीन पर निर्माण, नगर सेवा ने की सहयोग की अपील

**भिलाई।** कैंप क्षेत्र के टाटा लाइन एरिया में बीएसपी के द्वारा बनाए गए क्वार्टरों के अलावा खाली स्थानों में अवैध रूप से अतिरिक्त आवास बना लिये गये हैं। शिकायत वाले घरों का पूर्ण पता के बगैर किसी भी प्रकार से शिकायत को दूर नहीं किया जा सकता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा शिकायतकर्ताओं से अपील की गई है कि किया है कि नगर सेवा विभाग को वैध तरीके से कार्यवाही करने के लिए सहयोग करें । ताकि वहां की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके।

### बीएसपी की विभिन्न मिलों ने रचा कीर्तिमान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने अगस्त माह में रिकार्ड उत्पादन किया है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल और यूनिवर्सल रेल मिल ने अगस्त माह में उत्पादन और डिस्पैच के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संयंत्र ने कुल 99,889 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन किया, जो मार्च 2024 में दर्ज 98,402 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। आर एस एम ने 18,845 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन कर अपना ही मार्च 2024 का 18,241 टन का रिकॉर्ड तोड़ा। डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा सहित कार्यपालक निदेशकों ने कार्मिकों की हौसलाआफजाई की है। यूआरएम ने भी 84,041 टन प्राइम रेल का उत्पादन किया, जो जून 2025 में दर्ज 83,046 टन के पिछले उच्चतम स्तर से अधिक है। लांग रेल उत्पादन भी 81,044 टन तक पहुंचा, जो जून 2025 के 80,644 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया। स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी संयंत्र ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अगस्त माह में सेलेबल स्टील का उत्पादन 5,19,627 टन तक पहुंचा, जो जनवरी 2023 के 5,03,219 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। डिस्पैच के क्षेत्र में भी उपलब्धियां दर्ज की गयीं हैं जिनमें आर एस एम से 18,812 टन लॉन्ग रेल का डिस्पैच हुआ, जो मार्च 2024 में दर्ज 18,407 टन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गया। सेलेबल स्टील का कुल डिस्पैच 5,08,802 टन तक पहुंचा।

### स्कूलों को श्रेष्ठ बनाने के लिए संभागीय संयुक्त शिक्षा संचालक हेमंत उपाध्याय ने बनाई रणनीति

# दुर्ग संभाग के स्कूलों में निरीक्षण की अब ग्रेडिंग प्राचार्य भी लेंगे क्लास, शिक्षकों की बनेगी डायरी

## स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पहली बार दुर्ग संभाग स्तरीय कार्ययोजना बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग संभाग के सरकारी स्कूलों में मैदानी अमले से लेकर अधिकारियों के निरीक्षण की ग्रेडिंग होगी। ग्रेडिंग के दायरे में संकुल समंवयक, एबीओ, बीईओ, डिप्टी डायरेक्टर से लेकर डीईओ तक शामिल किए गए हैं। दुर्ग शिक्षा संभाग को शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 में श्रेष्ठ बनाने के लिए जेडी हेमंत उपाध्याय ने इसकी रणनीति बनाई और उसे विभागीय अमले से साझा की। खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में आयोजित संभागीय शिक्षा विभाग की बैठक में दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर, मोहला के 750 मानिटरिंग अमला से जुड़े शिक्षक शामिल हुए।





### प्रार्थना में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य

संयुक्त संचालक संभागीय शिक्षा दुर्ग हेमंत उपाध्याय ने मानिटिरिंग टीम को यह स्पष्ट किया कि शिक्षा गुणवत्ता को सुधार के लिए शिक्षक प्रार्थना के समय ही उपस्थिति देवें। यानी स्कूल समय पर आए और समय से जाएं। देरी से आने वाले और समय पहले जाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की तलवार भी लटक रही है। वहीं बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## ऐसे बनेगा दुर्ग संभाग के स्कूल श्रेष्ठ

**केस 1**

### दो पीरियड अनिवार्य रूप से पढ़ाएंगे प्राचार्य

दुर्ग संभाग श्रेष्ठ शिक्षा संभाग में पहली बार प्राचार्यों को भी क्लास लेना अनिवार्य किया गया है। महीने में दो पीरियड प्राचार्य अनिवार्य रूप से लेंगे। कम से कम तीन शिक्षकों के अध्यापन कालखंड यानी परीयड का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण का डेली डायरी भी बनाना है। डायरी में यह उल्लेखित करना है कि जब वे शिक्षकों का निरीक्षण करने गए तो शिक्षण विद्यार्थियों पर कितना प्रभावी रहा। क्या शिक्षक केवल पढ़ा रहा था। पुस्तक देखकर शिक्षक पढ़ाई कर रहा था या फिर अपनी तैयारी कर क्लास में आया था। विद्यार्थियों के समझ में विषय आ रहा था या नहीं।

**केस 2**

### मानिटरिंग सिस्टम के लिए वाट्सएप ग्रुप

स्कूलों की सघन व सतत शिक्षण मानिटिरिंग का सिस्टम तैयार किया गया। इसके लिए वाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। प्राचार्य, संकुल समन्वयक, एबीओ, बीईओ, डिप्टी डायरेक्टर से जेडी तक तीन अलग-अलग ग्रुप में रखे गए हैं। संकुल समन्वयक भी अपने संकुल के स्कूलों में जाकर शिक्षकों की पढ़ाई का अवलोकन करेंगे। संकुल समन्वयक प्रतिदिन दो स्कूलों का अवलोकन करेंगे। प्रतिवेदन अपने एबीओं को देंगे। एबीओ संकुल समन्वयक के अवलोकन प्रतिवेदन का ग्रेडिंग करेंगे और बीईओ को प्रस्तुत करेंगे।

**केस 3**

### रोजाना प्राइमरी व मिडिल का अवलोकन

प्राइमरी और मिडिल स्कूलों का अवलोकन रिपोर्ट भी तैयार होगा। शिक्षकों के अध्यापन का कैसा प्रभाव विद्यार्थियों पर पड़ रहा है यह समीक्षा के साथ प्राचार्य देंगे। विषय वस्तुओं को शिक्षक किस तरह विद्यार्थियों के बीच प्रस्तुत कर रहा है यह भी प्राथमिकता तय की गई है। अवलोकन से वे कितने संतुष्ट है या नहीं यह भी बताना है। जिससे आगे शिक्षण में सुधार किया जा सके। बच्चों से प्रश्नोत्तरी और उनके रूचि के अनुरूप पढ़ाई का तौर तरीके हो इस पर भी जोर दिया गया है।

### स्कूलों में बाल देवो भवः होंगे अंकित, इसी के अनुरूप बच्चों की होगी पढ़ाई

दुर्ग संभाग के हर सरकारी स्कूलों में बाल देवो भवः लिखा जाएगा। इस सूक्ति वाक्य के अनुरूप ही बच्चों को शिक्षक पढ़ाई करवाएंगे और उन्हे श्रेष्ठ बनाने की दिशा में अपनी भूमिका निभाएंगे। यानी एक तरह से गुरूकुल की भांति बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए 13 सितम्बर की अंतिम तिथि तय की गई है। इस अवधि के अंदर प्रत्येक विद्यालय में बाल देवों भवः सूत्र वाक्य के रूप में अंकित किया करना है। सभी शिक्षक और विभागीय अधिकारीगण बाल देवो भवः के अनुरूप रणनीति बनाकर अध्यापन के कार्य को ईश्वरोपासना की तरह चरितार्थ करेगें। विद्यालयों की प्रार्थना सभा ही बच्चों के लिए रोचक एव ज्ञानवर्धक होना चाहिए। इसके लिए संस्था प्रमुखों को हिदायत दी गई है।

### मध्यान्ह भोजन मीनू के हिसाब से हो

जेडी उपाध्याय ने कहा कि मध्यान्ह भोजन हर स्कूलों में मीनू के हिसाब से वितरण होना चाहिए। विद्यार्थियों को पौष्टिक युक्त भोजन पर भी शिक्षकों को नजर रखने की जरूरत है। इसके अलावा साइकिल वितरण, पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र बनाने सहित अन्य सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर करें।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- भाजयुमो नेता साथियों के साथ पहुंचे थाने

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के खिलाफ झूठे आरोपों में फंसाने और सोशल मीडिया में छबि धूमिल करने वालों के खिलाफ भाजयुमो नेता शुभम सिंह के नेतृत्व में छावनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया है।


शुभम सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा को जान बूझकर झूठे व असत्य आरोप लगाकर छबि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल टिकरिया के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहा है। जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। समाज में गलत तरीके से भ्रम फैलाया जा रहा है। शुभम सिंह ने बताया कि राजनांदगांव के कांग्रेसी नेता निखिल द्विवेदी, कवर्धा के अमन वर्मा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रदेश भर राहुल के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से यशवंत राजपूत, प्रकाश मिश्रा, सत्यम यादव, बुज्जी राव , अनीष अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, अनूप राय समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भरतनाट्यम में भारतीय इतिहास की आद्या ने दी शानदार प्रस्तुति



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय मंच चक्रधर समारोह 2025 का आयोजन रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया था। जिसमें भिलाई की आद्या पाण्डेय ने शास्त्रीय नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला के क्षेत्र में सम्मानित कार्यक्रम चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देना कलाकार के लिए सपना होता है वही इस समारोह के लिए 16 वर्षीय आद्या पांडे का चयन हुआ और उन्होंने अपनी आकर्षक भाव-भंगिमाओं से बेहतरीन प्रस्तुति दी। 10 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कलाकारों ने हिस्सा लिया। समारोह के मंच पर आद्या ने अपनी भरतनाट्यम प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। भारतीय इतिहास और शास्त्रीय नृत्य की भाव-भंगिमाओं को उन्होंने सहजता और शुद्धता से प्रस्तुत किया, उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेहतरीन प्रस्तुति के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के आर.एस. विश्वकर्मा और जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के द्वारा आद्या पाण्डेय का सम्मान किया गया।

**प्रतिमा विसर्जन के लिए शिवनाथ नदी सहित दस तालाबों में बना कुंड : भिलाई।** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मूर्तियों के विसर्जन से जल स्त्रोतों की जल गुणवत्ता पर पड़ने वाले विपरित प्रभावों की रोकथाम हेतु गाईड लाइन जारी किया गया है। नगर निगम भिलाई अंतर्गत समितियों द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों, गली, मोहल्लो एवं घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित किया है।




## खुर्सीपार पहुंचे विधायक चंद्राकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की



**भिलाई।** नव युवा मित्र मंडल न्यू खुर्सीपार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य झांकी का निर्माण किया गया है। इस वर्ष जूरासिक वर्ल्ड झांकी का निर्माण किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने झांकी का अवलोकन किया। भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना की। उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया।नव युवा मित्र मंडल के द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने समिति के कार्यों को और अधिक विस्तार देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## पेज 11 के शेष

### बर्खास्तगी नोटिस से नाराज ...

रैली निकाली और आम जनता से भीख मांगी, जिसे वे मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष पूरन दास और प्रवक्ता डॉ. बृजेश दुबे ने कहा कि यदि शासन हमारी मांगों को लेकर उतनी ही तत्परता दिखाता जितनी बर्खास्तगी की कार्यवाही में दिखा रहा है, तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती। उन्होंने साफ किया कि आंदोलन शासन की दमनकारी नीतियों से नहीं दबेगा और जब तक मांगें पूरी नहीं होती हड़ताल जारी रहेगी। आंदोलन के कारण पूरे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीण इलाकों से लेकर सुदूर वनांचल और शहरी क्षेत्रों तक चिकित्सा सेवाएं ठप हो चुकी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. सुमित मिश्रा, डॉ. डोमन यादव, डॉ. तृप्ति दुबे, डॉ. नीलेश देवांगन, मनीष शर्मा, दिनेश गंगबेर, प्रमोद साहू और जितेंद्र, सुरुती दुबे, श्वेता नेताम, रोशनी छेदया, हर्षा साहू अलीशा दास, रेणुका साहू, मीनाक्षी साहू बलवंत बंजारे, कुशुम पटेल, हेमलता कुर्रे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रशासन की चुप्पी ...

और प्रशासन इतने बड़े आंदोलन को नजरअंदाज क्यों कर रहे हैं। **मितानिनों की मांगें:** मितानिन, प्रशिक्षक, फैसिलिटेटर और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर का एनएचएम में संविलियन। मानदेय में 50 प्रतिशत की वृद्धि। ठेका प्रथा बंद कर स्थायी व्यवस्था। मितानिनों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, आंदोलन और उग्र होगा।

### हाई टेंशन तार से करंट ...

किसी प्रकार की लापरवाही तो नहीं थी। इस हादसे ने न केवल मृतक के परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है, बल्कि पूरे क्षेत्र में बिजली और हाई टेंशन तारों के आसपास सुरक्षा के प्रति जागरूकता की जरूरत को भी रेखांकित किया है।

### समयसीमा के भीतर ...

बताई गई कार्यप्रणाली के अनुसार तय समयसीमा में कार्य को पूरा करें। स्थल स्तरीय इकाइयां समय पर मौका सर्वेक्षण और जीपीएस ट्रैकिंग का काम करें। सीमांकन से जुड़े नक्शे और रिपोर्ट उच्च गुणवत्ता एवं शुद्धता के साथ तैयार हों। समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की जाए। जिन जिलों में आर्द्रभूमियों की संख्या कम है वहां निर्धारित समयसीमा से पहले ही कार्य पूरा हो। श्री शर्मा ने कहा कि आर्द्रभूमि संरक्षण न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

खबर संक्षेप

## श्रद्धा और भक्ति से मनाया जाएगा गुरु रामदास जी का गुरुगद्दी दिवस

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सिख समाज के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने बताया कि इस वर्ष गुरु रामदास जी का गुरुपद ग्रहण दिवस (गुरुगद्दी दिवस) 5 सितंबर को पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। यह अवसर सिख धर्म के चौथे गुरु, गुरु रामदास जी को 1 सितंबर 1574 को तीसरे गुरु अमरदास जी द्वारा गुरुगद्दी सौंपे जाने की ऐतिहासिक वर्षगांठ है। सिख समाज के लिए यह दिन अत्यंत पावन है। श्रद्धालु भजन-कीर्तन, अरदास और सेवा कार्यों के माध्यम से गुरु रामदास जी की शिक्षाओं और योगदान को स्मरण करेंगे। गुरु रामदास जी का जन्म 1534 में लाहौर में हुआ था। उनका मूल नाम भाई जेठा जी था। उन्होंने गुरु अमरदास जी की पुत्री बीबी भानी जी से विवाह किया और अपना संपूर्ण जीवन सिख धर्म के प्रचार-प्रसार एवं सेवा कार्यों में समर्पित किया। उन्होंने पंजाब में रामदासपुर की स्थापना की, जो आगे चलकर अमृतसर के नाम से विश्वप्रसिद्ध हुआ। गुरु रामदास जी ने प्रेम, भाईचारा और सेवा का संदेश समाज में फैलाया। जिला अध्यक्ष छाबड़ा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर गुरुद्वारों में जाकर श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हों और गुरु रामदास जी की शिक्षाओं को आत्मसात करें।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान वामन की जयंती

**थान खमरिया।** राधा कृष्ण जमात मंदिर में भगवान बामन की जयंती धूमधाम से श्रद्धालुओं ने भजन, कीर्तन के साथ उत्सव मनाया गया। भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। पश्चात भगवान की आरती की गई। प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत वसंत बिहारी दास ने कहा, सब ब्राह्मणों को वामन भगवान के आदर्श व्यक्तित्व को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए। हम सबको सदैव वामन भगवान की तरह समाज के उद्धार के लिए, कार्य करना चाहिए। आगे आपने बताया वामन भगवान के जन्मोत्सव का उपवास रखने और पूजा करने, से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश होता है। भगवान लक्ष्मी नारायण के चरणों की भक्ति की प्राप्ति होती है। 12:00 बजे ही मंदिर के घंटों की ध्वनि गूंजी, भक्तों ने वामन भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण भक्ति मय बना दिया। भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। और पट खुलते ही भगवान की आरती और वंदना कि गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पं.ओम प्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, गोपाल कागलिवाल, हितेश अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, मुकेश सिंघानिया, श्यामा सिंघानिया, प्रमोद सिंघानिया, अनूप सिंघानिया, विकास बंसल, शिवेंद बिंदल, कपिल सिंघानिया, नैतिक अग्रवाल उपस्थित थे।

## खेलों में राष्ट्रीय उपलब्धि के साथ जिले में मिली पहचानः राजर्षि पांडेय

**कुई कुकदूर।** सपने कभी सच्चे नहीं होते और संकल्प कभी अधूरे नहीं होते इस कहावत को शिक्षक राजर्षि पांडेय ने चरितार्थ किया है। 1995 से शिक्षण सेवा में आए श्री पांडेय ने शुरुआत अवैतनिक अध्यापन से की। शिक्षा के साथ-साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। जैसे कबड्डी, खो-खो व एथलेटिक्स में उनके मार्गदर्शन से 200 से अधिक राज्य स्तरीय खिलाड़ी, 10 राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार हुए, जिनमें से खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। सीमित संसाधनों वाले विद्यालय से मिली यह उपलब्धि विशेष है।

## जिले में डिजिटल पारदर्शिता की नई शुरुआत

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला प्रशासन ने पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में शासन के निर्देशों को तेजी से अमल में लाया है। कलेक्टर के कुशल निर्देशन में डिजिटल इंडिया की तर्ज पर जिले में एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। अब जिले की सभी 468 ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत किए गए कार्यों की जानकारी आम ग्रामीण सीधे क्यूआर कोड स्कैन कर प्राप्त कर सकेंगे।

### महोत्सव: रजत महोत्सव में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपराओं की दिखी झलक

# बेटियों व किसानों की प्रगति ही प्रदेश की असली ताकत : खाद्य मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ फूड फेस्टिवल और स्वास्थ्य शिविर रहा आकर्षण का केंद्र

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में रजत महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को विकासखण्ड नवागढ़ के हाई स्कूल मैदान प्रांगण में रजत महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत "पुरखा के सुरता" जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, गीत-संगीत और परंपराओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। "हमर संस्कृति, हमर विरासत" थीम पर आयोजित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया। छत्तीसगढ़ फूड फेस्टिवल में पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए, जिनका स्वाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने लिया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।



### नागरिक को योजनाओं का लाभ समय पर मिले

खाद्य मंत्री बघेल ने छात्राओं को नोनी सुरक्षा योजना और बेटी की वृद्धि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत पासबुक और समरसता प्रमाणपत्र वितरित किए। और किसानों को बैटरी संचालित स्प्रे पंप भी प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि रजत महोत्सव हमारे राज्य की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है। बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा और आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज राज्य न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी मजबूत बन रहा है। इस प्रगति का श्रेय हमारे किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं को जाता है। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि हर बेटी सुरक्षित और शिक्षित हो, हर किसान समृद्ध हो और हर नागरिक को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। ऐसे आयोजन हमें हमारी संस्कृति और परंपरा से जोड़े रखते हैं तथा समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया तथा विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ की आत्मा और पहचान का प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से हम सबको यह संदेश मिलता है कि परंपराओं और संस्कृति को संजोते हुए विकास की ओर आगे बढ़ना ही असली प्रगति है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति हमारी जड़ों की ताकत है और यही हमें नई ऊर्जा देती है। जिले के हर नागरिक को चाहिए कि वह अपनी संस्कृति पर गर्व करे, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और शिक्षा को प्राथमिकता दे। प्रशासन की कोशिश है कि सभी योजनाओं का लाभ आमजन तक पारदर्शिता के साथ पहुँचे। हम सभी मिलकर बेमेतरा को एक आदर्श जिला बनाने की दिशा में काम करेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ ख़ोरबाहरा राम साहू, जिला पंचायत सदस्य मधु राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमलता मांडवी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई, एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# बोड़ला नगर में लग रही स्ट्रीट लाइट में भारी अनियमितता, घटिया दर्जे का कार्य देख लोग नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में 19 लाख 96 हजार रुपए की लागत से लगने वाली स्ट्रीट लाइट में खुला भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर हो रही है। लेकिन इस भर्राशाही पर न तो नगर पंचायत के अधिकारी कोई कार्यवाही कर रहे हैं और न ही प्रशासन में बैठे आला अधिकारी इस पर कोई ध्यान दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत में स्टीमेट के अनुसार यहां 55 पोल लगाने थे पर ओबेवे में टेंडर के कारण 50 पोल ही लगाए गए हैं और इसमें भी संबंधित ठेकेदार द्वारा जमकर कांटा मारी करते हुए बेतरतीब और घटिया दर्जे के कार्य को अंजाम दिया गया है। अंडर ग्राउंड केबल का हिस्सा खम्भे के ऊपर से गया। इसके अलावा इस कार्य में 7 मीटर ऊंचे पोल, आधुनिक एलईडी स्ट्रीट लाइट फिटिंग, एचडीपीई पाइप बिछाने, अर्थिंग, पेंटिंग, वायरिंग और टर्मिनल बॉक्स लगाने जैसी व्यवस्थाएं शामिल की गई थीं। लेकिन हकीकत यह है कि योजना का बड़ा हिस्सा अधूरा और घटिया ढंग से किया गया है। बावजूद इसके नगर पंचायत के इंजीनियर और विभाग, ठेकेदार के आगे मजबूर व लाचार नजर आ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि लगाए गए पोलों पर लगी लाइटों में से आधी ही जल रही हैं, बाकी लाइटें बंद पड़ी हैं। इससे रात के समय अंधेरे में राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। पोल गाड़ने और वायरिंग के लिए सड़क की खुदाई की गई थी, मगर उसकी मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। बरसात में यही गड्ढे अब गंदगी और कीचड़ से भर गए हैं, जिससे व्यापारी और राहगीर दोनों परेशान हैं। त्यौहारों के सीजन में दुकानों के सामने हालात बिगड़ने से व्यापारी नाराज व आक्रोशित हैं। एक व्यापारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमने स्ट्रीट लाइट मांगी थी बदले में हमें अंधेरा और कीचड़ मिला। वहीं एक ग्रामीण ने तंज कसते हुए कहा कि पैसा ठेकेदार और अफसर की जेब में गया, और जनता को सिर्फ गड्ढे और बंद लाइटें मिलीं। व्यापारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सारा खेल कमीशन का है जिसके चलते ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कर नगर की जनता को मिलने वाली सुविधाओं पर सीधे डाका डाल रहा है।

**दुरुस्त कराई जाएगी व्यवस्था**

ठेकेदार को कार्य मरम्मत और लोहे कि निकली सरिया को दुरुस्त करने आदेशित किया जाएगा, दो-तीन दिन के भीतर कार्य पूर्ण हो जायेगा।
**सीएमओ, नगर पंचायत बोड़ला**

# महंत सुरेंद्र का नगर आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत



**नवागढ़।** राम कृष्ण मंदिर के महंत सुरेंद्र दास को हाल ही में पुरोहित पुजारी संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपलक्ष्य में उनके प्रथम नगर आगमन पर नवागढ़ में भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के व्यवस्थापक लक्ष्मी चंद जैन और पुजारी गंगा दास के नेतृत्व में नगर वासी, पुरुष और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बाजे-गाजे और मधुर संगीत के बीच महंत का अभिनंदन किया गया और मिठाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर मिथलेश बिसेन, कुमार वर्मा, बबलू ताम्रकार, अरुण बरनवाल, अखिलेश वैष्णव, केके मिश्रा, जिनेंद्र वर्मा, प्रज्ञान वर्मा, सीताराम यादव, भुनेश्वरी वर्मा, भूमि शर्मा, अनीता साहू, परी, पीहू और हर्षिता सहित कई नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। महंत सुरेंद्र दास ने नगरवासियों का आभार व्यक्त किया और समाज एवं मंदिर सेवा में समर्पित रहने का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने उनके नेतृत्व में मंदिर एवं समाज की उन्नति की कामना की।

# जिले के स्काउट प्रदीप साहू को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित



**बेमेतरा।** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भव्य राष्ट्रपति पुरस्कार वितरण समारोह में बेमेतरा जिले के स्काउट प्रदीप साहू (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर) को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह का आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया था। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सीधे राष्ट्रपति पुरस्कार का वितरण किया। पुरस्कार के प्रमाण पत्र महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर से जारी किए गए। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्ति पर बेमेतरा जिला प्रशासन ने भी प्रदीप साहू को बधाई दी। जिला मुख्य आयुक्त प्रनीष रजक, जिला शिक्षा अधिकारी गैद राम चतुर्वेदी, जिला सचिव अमित क्षरीय, जिला संयुक्त सचिव उर्मिला दिवाकर, जिला संगठन आयुक्त फनेन्द्र कुमार लोधी और जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश कुमार साहू ने उनका अभिनंदन किया। साथ ही जिले के अन्य स्काउट और गाइडर ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी।

# नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत (13 सितंबर) की पूर्व तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनिता कोशिमा रावटे सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

अध्यक्ष ने हिट एंड रन मोटर एक्सीडेंट मामलों और राजस्व प्रकरणों के त्वरित निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष की ओर से कम्पनसेशन क्लेम समयबद्ध तरीके से तय किया जाए और एक्सीडेंट की एफ.ए.आर. और पोस्टमार्टम रिपोर्ट क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर तक तुरंत पहुंचाई जाए।

साथ ही, उन्होंने जनता में मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और अधिक से अधिक पीड़ितों को इसका लाभ दिलाने पर जोर दिया।

# गणेशोत्सव पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किए पंडाल दर्शन

**बेमेतरा।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर शहर में भव्य उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन ने विभिन्न गणेश पंडालों का दौरा कर सिद्धिविनायक गणपति बप्पा के दर्शन किए। इस दौरान राजू देवांगन ने कहा कि गणेशोत्सव हमारी संस्कृति और आस्था का अद्भुत प्रतीक है।



भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं और उनके आशीर्वाद से जीवन में समृद्धि, सुख-शांति और सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने बेमेतरा जिले की जनता की खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और सामाजिक सौहार्द की कामना की। मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता समाज सेवा और जनकल्याण को सर्वोच्च कर्तव्य मानता है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर समाज को एकजुट करने और भारतीय परंपराओं को संजोने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और गणेश उत्सव समितियों ने भाजपा नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। दर्शन एवं पूजा कार्यक्रम में श्रद्धालु हर्षोल्लास से शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं समिति पदाधिकारी सौरभ सिंह, अमरीका निर्मलकर, रामप्रकाश देवांगन, मनोज देवांगन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गणपति महाआरती में उमड़ी आस्था, भक्ति और श्रद्धा का दिव्य संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गणेश उत्सव पर्व के पावन अवसर पर बुधवार को प्रख्यात नगर के प्राचीन श्री सिद्ध शमी गणेश मंदिर में शाम को भव्य महाआरती में सैकड़ो लोगो ने एक स्वर में आरती की। मंदिर का सभाकक्ष खचाखच भरा रहा। इस भव्य आयोजन में मदकूद्वीप धाम के मंडलेश्वर रामरूपदास महाराज का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की विशेषता रही कि नगर के अन्य प्रमुख मंदिरों— महामाया मंदिर, शारदा मंदिर, राम कृष्ण मंदिर, शक्ति माई मंदिर, लखनी देवी मंदिर के पुजारियों को भी आमंत्रित किया गया था। सभी पुजारियों ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश की आरती कर नगरवासियों को आशीर्वाद प्रदान किया। आरती से पूर्व शंकर नगर की मानस मंडली ने भक्ति रस से ओतप्रोत भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। उनकी गीतों की



लहरियों ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। निर्धारित समय पर सैकड़ों महिलाएं घरों से आरती की थाली सजाकर मंदिर पहुंचीं, और सभी भक्तजन व पुजारियों के साथ एक स्वर में गणेश जी की आरती प्रारंभ हुई। दीपों की लौ, घंटियों की मधुर गूंज और भजनों की ध्वनि से पूरा मंदिर प्रांगण अलौकिक दृश्य में बदल गया। गणेश जी की आरती पश्चात मां जगदम्बा की आरती का आयोजन किया गया। यह आधे घंटे का पावन पल भक्तों के लिए अविस्मरणीय रहा। मंडलेश्वर रामरूपदास महाराज ने कहा कि भक्ति और एकता का यह स्वरूप नवागढ़ की पहचान है। जब समाज मिलकर आराधना करता है, तब नगर की उन्नति निश्चित होती है। नवागढ़ नगर के प्रमुख विकास धर दीवान ने कहा कि ऐसे आयोजन सिर्फ भक्ति का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह हमारे नगरवासियों को एकजुट करते हैं। नगर में आयोजित दुर्गाष्टमी की गंगाआरती, दशहरा महोत्सव, दहीलूट, चैत्र नवरात्र महोत्सव, हरेली, भोजली, गोवर्धन पुआ, मड़ई मातर ने नगर की ऐतिहासिक धरोहर को संजोए हुए है। महंत सुरेन्द्र दास ने कहा कि भगवान गणेश की महाआरती से पूरे नगर में सकारात्मक ऊर्जा और मंगलभाव का संचार हुआ है। महाआरती में प्रवीर दत्त दुबे, मिलाप राम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष सिंद्धान्त चौहान, बबलू ताम्रकार, मिंटू बिसेन, राकेश तिवारी, नीलेश जायसवाल, आलोक दुबे, रामनारायण पाठक, शेषनारायण पाठक, रोशन धर दीवान, लक्ष्मीचंद जैन, राकेश दुबे, राकेश चौबे, बंटी खुराना, धनीराम निर्मलकर, देवादास चतुर्वेदी, संतोष देवांगन, रामधुन रजक, दारा खुराना, धरमवीर खुराना, रिंकू चौहान, वीरेन्द्र जायसवाल, रामनाथ योगी सहित नगर के सैकड़ों वरिष्ठजन, महिलाएं और श्रद्धालु इस महाआरती में सम्मिलित हुए।

### विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को किया जागरूक

# मेगा हेल्थ कैंप में 226 महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के अवसर पर खंडसरा में एकीकृत बाल विकास परियोजना के तहत मेगा हेल्थ कैंप और महतारी सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी परियोजना अधिकारी स्मिता सिंह और बीएमओ डॉ. शरद कोहड़े ने किया। आयोजन कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। स्मिता सिंह ने बाल विकास परियोजना की उपलब्धियों का विवरण देते हुए सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, बाल संदर्भ योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभों से लोगों को अवगत कराया।



**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां:** बच्चों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और बस्तरिया नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। बालिकाओं की प्रस्तुति से प्रसन्न होकर मंडल अध्यक्ष हेवेंद्र वैष्णव ने उन्हें 1001 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया। मेगा हेल्थ कैंप में 226 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें एचबी टेस्ट, बीपी, शुगर, आंखों की जांच और महिला चिकित्सक द्वारा व्यक्तिगत परामर्श शामिल था। महिलाओं को पौष्टिक भोजन की प्रदर्शनी के माध्यम से पोषण के महत्व की जानकारी दी गई।

### खेल-खेल में शिक्षा

ईसीसीई कार्नर के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को खेल-खेल में भाषा ज्ञान, गणितीय कौशल और शारीरिक विकास संबंधी गतिविधियां करवाईं। अभिभावक भी इन गतिविधियों से लाभान्वित हुए और बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ी। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मिशन शक्ति और सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का समापन मुनगा, आम और अमरूद के पौधारोपण के साथ हुआ, जिसने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

